HDFC BANK

प्रिय मर्चंट पार्टनर,

एचडीएफसी बैंक मर्चंट सेवाओं को चुनने के लिए आपका धन्यवाद.

हम चाहते हैं कि आप हमारे उत्पादों का अधिकतम लाभ लें, और इसे हासिल करने में आपकी मदद करने के लिए यहाँ पर कुछ जानकारियाँ दी गई हैं:

• यूपीआई पर रूपे क्रेडिट कार्ड्स की स्वीकृति: अब आपके ग्राहक अपने रूपे क्रडिट काड्र्स का उपयोग करके यूपीआई लेनदेनों के लिए भुगतान कर सकते हैं, लेकिन कृपया ध्यान दें कि यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने पर लेनदेन पर एमडीआर लगेगा.

• इंटरनेशनल कार्ड स्वीकृति: अब आप अपने टर्मिनल पर इंटरनेशनल काड्र्स स्वीकार कर सकते हैं. इससे आपके इंटरनेशनल ग्राहकों को आपके टर्मिनल पर अपने कार्ड का उपयोग करके सहजता से भुगतान करने का भरोसा मिलेगा. हम डायनामिक करेंसी कन्वर्जन के अंतर्गत सभी विदेशी लेनदेनों पर शून्य एमडीआर भी प्रदान करते हैं, कृपया हमारी टीम से संपर्क करें जिसे आपकी सहायता करके प्रसन्नता होगी.
एफएक्स लेनदेनों पर शुल्क और प्रभार: आप प्रभारों की अनुसूची में लागू शुल्कों और प्रभारों की जानकारी पा सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें.

• हम गंभीरता से यह मानते हैं कि हम सभी मिलकर इस धरती को बेहतर बना सकते हैं. पेपर रोल्स का उपयोग सीमित करना इसी दिशा में बढाया गया एक कदम है जिससे पेडों का काटना कम करने में मदद मिलेगी. हमारा टर्मिनल और पोर्टल हमारे मर्चंट पार्टनर्स द्वारा किए गए सभी लेनदेनों के विवरण देते हैं; चार्ज स्लिप डिजिटल स्वरूप में भी उपलब्ध है. चार्जबैक के दुर्भाग्यपूर्ण मामले में, कागजी चार्ज स्लीप साझा करने की जरूरत नहीं होगी, डिजिटल विवरण पर्याप्त हैं. चार्ज स्लिप्स की जरूरत केवल तब होगी जब लेन देन पिन से प्रमाणित नहीं होता है.

• अतिरिक्त सहायता: हम समझते हैं कि त्योहारों के शुरू होने के साथ आपको अतिरिक्त टीआईडी या टर्मिनल सपोर्ट की आवश्यकता हो सकती है, इसीलिए कृपया हमारे कॉन्टैक्ट पेज पर विजिट करें. हमारी टीम आपकी सहर्ष सहायता करेगी.

महत्वपूर्ण पुन:स्मरण:

• मासिक पॉस किराया: हर महीने की १० वीं तारीख को, पॉस टर्मिनल्स का मासिक किराया आपके लिंक्ड खाते से डेबिट किया जाएगा. निरंतर सेवा सुनिश्चित करने के लिए, कृपया भुगतान के लिए अपने खाते में पर्याप्त बैलेंस रखें.

• न्यूनतम लनेदेन का परिमाण (ट्रांजैक्शन वोल्यूम): कमतर लेनेदेन वाले महीने के मामले में कृपया सुनिश्चित करें कि रु.२५,००० या अधिक का न्यूनतम वोल्यूम टर्मिनल पर प्रक्रियायित किया गया हो. इससे आपको यूसेज चार्ज टालने में मदद मिलेगी, जो आपके लिंक्ड खाते से डेबिट किया जाएगा.

• दैनिक लेनदेन निपटारा: कृपया अपने लेनदेन का निपटारा दैनिक रूप से किया करें ताकि विलंब निपटारा शुल्क से बचा जा सके.

हम आपको एचडीएफसी बैंक मर्चंट सेवाओं के साथ एक आनंददायी अनुभव की शुभकामनाएँ देते हैं!

शुभकामनाओं सहित,
एचडीएफसी बैंक - मर्चंट सर्विसेस